**आकाशवाणी शिमला**
**24.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**केंद्रीय मंत्रिमण्डल**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सेवा तीर्थ को संवेदनशील, जवाबदेह और नागरिक–केंद्रित शासन का वैश्विक उदाहरण बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सेवा तीर्थ में हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिए गए सेवा संकल्प प्रस्ताव में संकल्प लिया गया है कि 2047 तक भारत को समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में यह परिसर राष्ट्रीय आकांक्षाओं का सशक्त केंद्र बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, राष्ट्रपति केरल –नाम परिवर्तन विधेयक, 2026 को केरल की विधानसभा को विचार–विमर्श के लिए भेजेंगे।

**गोलमेज सम्मेलन**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा है कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अब निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों के बीच आवश्यक तालमेल स्थापित करने का समय आ गया है।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर जिला में पशुपालकों व पशु व्यापारियों की सुविधा के लिए एक वर्ष में कम से कम दो बार कैटल ट्रेड फेयर का आयोजन किया जाएगा। बिलासपुर में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस ट्रेड फेयर के माध्यम से जिले के पशुपालकों और पशु व्यापारियों को एक ही मंच पर पशुओं की खरीद फरोख्त की सुविधा सुनिश्चित होगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

**बिक्रम ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और लापरवाही ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को आधुनिक रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा देने की घोषणा के विपरीत सामान्य उपचार भी मंहगा कर दिया है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सरकार एक ओर मुफ्त ईलाज का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी ओर आयुष्मान भारत और हिमकेयर के तहत अस्पतालों को समय पर भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई अस्पतालों में कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की जीवन रक्षक दवाईयों की भी भारी कमी बनी हुई है। बिक्रम ठाकुर स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील व्यवस्था के साथ इस तरह के खिलवाड़ को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

**<u>अनुराग ठाकुर</u>**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज कांगड़ा जिला के शाहपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग तीन सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित हाफ मैराथन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि वॉलीबॉल बेहद लोकप्रिय खेल है और इस खेल को गांव–गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से खेल ढांचे को मजबूत करने और स्थायी कोचों की संख्या बढ़ाने की मांग की। अनुराग ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रह कर खेलों को अपनाने का आह्वान किया।

**<u>ई–केवाईसी</u>**

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत सभी कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विशेष रूप से हिमकेयर का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ई–केवाईसी करवाना अब अनिवार्य किया गया है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने सभी पंजीकृत कामगारों से श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय शिमला में जल्द अपनी ई–केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ई–केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में कामगारों को मिलने वाली वित्तीय सहायता और स्वास्थ्य लाभ रूक सकते हैं।

———————————————————